

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

ईशा कोप्पीकर नहीं जा रही बिग बॉस 18 में


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 140 | रविवार, 18 अगस्त 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# धर्मांतरण के खिलाफ 'जनआक्रोश रैली'

## दृष्टि चौधरी मामले की जांच अब एटीएस के पास

## हम अपनी बहन को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे : नितेश राणे







- कैलास कॉलोनी, समता नगर से तहसीलदार कार्यालय तक निकाली गई रैली

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में बढ़ती हिंदू धर्मांतरण की घटनाओं के खिलाफ आज संपूर्ण हिंदू समाज की ओर से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया. कैलास कॉलोनी, समता नगर से तहसीलदार कार्यालय तक निकाली गई इस रैली में हजारों नागरिक शामिल हुए. इस रैली का नेतृत्व बीजेपी विधायक नितेश राणे ने किया. रैली में हिंदू धर्मांतरण की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया गया और प्रशासन से हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई।

रैली के दौरान बीजेपी विधायक नितेश राणे ने सफाई देते हुए कहा, दृष्टि चौधरी मामले की जांच अब एटीएस के पास चली गई है. हम अपनी बहन को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे. उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया और हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की. रैली में उल्हासनगर, अंबरनाथ और कल्याण क्षेत्रों में हिंदू समुदाय के लाभ के लिए सख्त लव जिहाद और धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने की भी मांग की गई। तहसीलदार कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कड़ा रुख अख्तियार किया गया कि प्रशासन अविलंब उचित कदम उठाये.

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कुर्ला कैंप में रहने वाली कल्पना चौधरी ने अपनी बेटी दृष्टि चौधरी के इस्लाम धर्म अपनाने की शिकायत के बाद उल्हासनगर शहर में हलचल मचा दी थी. विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दृष्टि चौधरी और सलीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया. इस घटना के बाद हिंदू समुदाय में भारी असंतोष फैल गया है और इसी के विरोध में आज की "जनआक्रोश रैली" का आयोजन किया गया.

रैली में शामिल नागरिकों और हिंदू संगठनों ने समता नगर इलाके की समस्याओं पर आवाज उठाई. 'समता नगर' क्षेत्र को 'मिनी पाकिस्तान' कहा जाता है जहां हिंदू समुदाय पर अत्याचार किया जाता है। धर्मांतरण की घटनाओं, अवैध मदरसों और दरगाहों के साथ-साथ अनधिकृत मुस्लिम आबादी ने हिंदू समुदाय में असुरक्षा की भावना पैदा की है।

हिंदू संगठनों ने तहसीलदार को दिए बयान में कई तरह के आरोप लगाए हैं. पत्र के मुताबिक, समतानगर में धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं. स्थानीय पुलिस और उल्हासनगर मनपा मुस्लिम समुदाय की अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में उदासीन हैं। कई अवैध मकान किराए पर दिए गए हैं, जहां अनधिकृत मुस्लिम रहते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि इलाके में हिंदू पुरुषों और महिलाओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है और ये धर्मांतरित लोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं।


पत्र में आगे उल्लेख किया गया है कि समता नगर में एक अवैध मदरसा/दरगाह चलाया जा रहा है जहां हर शुक्रवार को सैकड़ों अज्ञात मुस्लिम इकट्ठा होते हैं। इससे हिंदू समाज में असुरक्षा की भावना प्रबल हुई है. इसके अलावा, कई मुस्लिम गैंगस्टर अवैध नशीली दवाओं की बिक्री और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं, जिससे समतानगर क्षेत्र में शांति को खतरा है, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुनील कनौजिया और सदस्य अधिवक्ता राहुल चतुर्वेदी ने एक बयान में कहा है.

उल्हासनगर शहर में धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं को लेकर हिंदू समाज में गहरा असंतोष है और आज की विशाल जन आक्रोश रैली में इस असंतोष की स्पष्ट झलक दिखी. इस रैली से चेतावनी दी गई है कि अगर प्रशासन ने इन घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो हिंदू समाज में असंतोष बढ़ता जाएगा.

# नोटों की बारिश कराने वाले 2 फ्रॉड गिरफ्तार

- 5 आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के बुवापाड़ा में नोटों की बारिश होने वाली थी, जिसे यहां के निवासी बिट्टू वर्मा ने इस बारिश को गिरने नहीं दिया और नोटों की बारिश गिराने वाले चीटरों को अंबरनाथ पुलिस के हवाले कर दिया है. वर्मा ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि एक नकली पंडित, 2 नकली पुलिसकर्मियों और उनके साथियों ने उन्हें फंसाने का प्रयास करते हुए बताया कि अगर वह पूजा-पाठ, जादू-टोना करते समय सामने 5 लाख रुपए रखेंगे तो 5 करोड़ रुपयों की बारिश होगी. 13 अगस्त को आरोपी राकेश (वांद्रा पाड़ा अंबरनाथ), मल्लेश चलवादी (घाडगे नगर, अंबरनाथ) और एक महिला उनके घर पर आए और नोटों की बारिश के लिए उनके लड़के मनोज से पूजा साहित्य के लिए 3500 रुपए लेकर गए. शिकायतकर्ता राजकुमार उर्फ बिट्टू वर्मा को यकीन ही नहीं था कि नोटों की बारिश कोई गिरा सकता है. ये आजमाने के लिए उन्होंने उनको 3500 रुपए दे दिए. 14 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे उनको फारेस्ट नाका, मोहपे में स्थित उनके गोडाउन पर ले जाया गया. यहां पर आरोपी अजित चमन महतो, शिवकुमार जैसवार, मल्लेश चलवादी, राकेश, पूजा करवाने वाला अज्ञात पंडित, उसके साथी उपस्थित थे. बिट्टू वर्मा अपने साथी अजय ठाकुर के साथ वहां पर 200 और 500 के 6 बंडल, कुल डेढ़ लाख रुपए लेकर गए. गोडाउन में एक पंडित फूल, नींबू रखकर पूजा पाठ कर रहा था. पैसों का बंडल सामने रखने को कहा गया. गोडाउन का गेट खुला रखने को बोला गया. पूजा चल ही रही थी कि वहां पर 2 स्टार वाला पुलिस अधिकारी अपने ड्रेस में अपने साथियों के साथ आकर कहा कि ये बाबा फ्रॉड है. पुलिस इसे ढूंढ़ रही है, कहकर पंडित को हथकड़ी लगाकर पैसों का बंडल उठाकर जाने लगा तो बिट्टू को शक हुआ. उन्होंने अजय ठाकुर, मनोज, मनिष ने मिलकर 2 आरोपियों अजित चमन और शिवकुमार जैसवार को पकड़कर अंबरनाथ पुलिस के हवाले किया है.

# प्रदीप पाटिल कांग्रेस पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित



**अम्बरनाथ.** कांग्रेस पार्टी से शिवसेना में शामिल हुए प्रदीप पाटिल को आखिरकार कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है. लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी काम करने के आरोप में उन्हें 6 साल के लिए निलंबित कर दिया गया है. शहर अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. इस मौके पर रोहित प्रजापति, अनिता प्रजापति, गनी पीरजादे, जमसू सय्यद, नफीस शेख एवं मिश्रा आदि उपस्थित थे.

अंबरनाथ में कांग्रेस पार्टी को खड़ा करने वाले प्रदीप पाटिल लोकसभा चुनाव से पहले ही शिवसेना शिंदे समूह में शामिल हो गए थे. जिसके बाद एड. कृष्णा रसाल पाटिल को कांग्रेस का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इसलिए इंदिरा भवन कार्यालय में कांग्रेस शहर अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल के हाथों ध्वजारोहण होने वाला था. लेकिन, विवाद के चलते मामला थाने तक पहुंच गया. ऐसा होते-होते आख़िरकार प्रदीप पाटिल के नेतृत्व में इंदिरा भवन कार्यालय पर ध्वजारोहण हुआ. मौजूदा कांग्रेस शहर अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने जवाब दिया कि चूंकि यह एक राष्ट्रीय त्योहार है, इसलिए विवाद से बचने के लिए हम दो कदम पीछे हट गए हैं. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शिवसेना पार्टी के बैनर पर प्रदीप पाटिल की फोटो थी, वहीं उसके सामने कांग्रेस के बैनर पर प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के साथ भी प्रदीप पाटिल की फोटो थी. इस बैनर के कारण क्या प्रदीप पाटिल की अंबरनाथ शहर कांग्रेस में वापसी होगी? ऐसी चर्चा भी बनने लगी थी.

# पाकिस्तान से आए 54 सिंधी भाइयों को मिली भारतीय नागरिकता



**उल्हासनगर.** अखंड भारत के विभाजन के बाद भी पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू सिंधी नागरिकों पर तरह-तरह से अत्याचार किया जा रहा है, इसी पीड़ा के कारण भारत आए 54 सिंधी भाषियों को उल्हासनगर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भारतीय नागरिकता का उपहार दिया गया है.

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी, सिंधी कलाकार संगम और उल्हासनगर मनपा ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस पर सिंधी भवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया.

11 से 15 साल पहले पाकिस्तान से भारत आए और विभिन्न शहरों में रह रहे 54 सिंधी नागरिकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र दिए गए.

इस अवसर पर आयुक्त डॉ. अजीज शेख, महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष महेश सुखरामनी, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, सहायक आयुक्त मनीष हिवरे, कानूनी अधिकारी राजा बुलानी, लाल पंजाबी, राजेश वधारिया, राजू जग्यासी, विनोद तलरेजा और अन्य उपस्थित थे

इस कार्यक्रम के दौरान देश की नागरिकता पाने वालों ने पाकिस्तान में रहने के दौरान झेले गए यातनाओं के दर्द को दर्शकों के सामने पेश किया. उन्होंने पाकिस्तान में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं, उनके लिए अपने व्यवसाय और धर्म को सुरक्षित रखना कितना कठिन था और अब वह देश में एक हिंदू के रूप में कैसे सुरक्षित महसूस करते हैं. भारतीय सिंधु सभा ने इन सिंधी भाषियों को नागरिकता दिलाने में मदद की है. उन्होंने मोदी सरकार को धन्यवाद दिया.


महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष महेश सुखरामनी ने कहा कि नए सीएए के कारण पिछले 11 से 15 वर्षों से नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे 150 लोगों में से 54 को केवल 3 महीने में भारतीय नागरिकता मिल गई है और बाकी को जल्द ही नागरिकता मिलने की संभावना है.

# बलात्कार की कोशिश पर महिला ने किया प्राइवेट पार्ट पर हमला

**भिवंडी.** भिवंडी में एक व्यक्ति ने एक महिला के घर में घुस कर बलात्कार का प्रयास किया. बचाव में महिला ने आरोपी के प्राइवेट पार्ट पर जोरदार हमला कर उसे घायल कर दिया. घायल व्यक्ति को अस्पताल में दाखिल कराया गया है. बताया गया कि आरोपी अनिल सत्यनारायण राचा ने शराब के नशे में भिवंडी इलाके में 26 वर्षीय एक महिला के घर पर उसके साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक व्यवहार किया.

# सूटकेस में मिला व्यक्ति का शव

- उल्हासनगर से सटे वरप गांव की घटना
- हत्या की आशंका



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर से सटे वरप गांव में देवी मंदिर के पास कूड़े के ढेर में एक सूटकेस मिला और उसमें एक व्यक्ति का शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है. बुधवार की सुबह एक स्थानीय व्यक्ति शौच के लिए जा रहा था तभी उसे कूड़े में एक बड़ा बंद सूटकेस मिला. उसने उत्सुकतावश सूटकेस खोला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. सूटकेस में एक आदमी का शव मिला, उसके शरीर पर कई चोटें थीं. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना टिटवाला पुलिस को दी. घटना की जानकारी मिलने पर टिटवाला पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम और उनकी टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल अस्पताल भेज दिया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है.

# कैंप-4 में बस ड्राइवर पर हमला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप 4 के संभाजी चौक में गुरुकुल स्कूल के बस ड्राइवर अनीश आवले पर क्लीनरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल करने की घटना सामने आई है. जब अनीश आवले अपने निजी काम के लिए संभाजी चौक से गुजर रहे थे, तो उनके सहयोगियों प्रकाश सोनावने और अशितोष शेत्रे ने उन्हें रोका और उनके सिर पर बीयर की बोतल मार दी. इस हमले में अनीश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनके सिर और हाथों पर टांके लगे हैं. इस घटना का मामला विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है.

## कोलकाता में डॉक्टर की रेप व हत्या की घटना के निषेध में बंद

# डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

- कोलकाता की घटना का निषेध पुलिस से कार्रवाई की मांग की

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर पर हुए अत्याचार और निर्मम हत्या के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। घटना के विरोध में आज पूरे दिन उल्हासनगर शहर में ओपीडी सेवाएं बंद रहीं और चिकित्सा क्षेत्र में गुस्सा फूटते हुए उल्हासनगर के डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकालकर घटना का कड़ा विरोध जताया। इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में शामिल डॉक्टरों ने हत्या की घटना की कड़ी निंदा की है. डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की भी मांग की गई. इस संबंध में डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल की ओर से पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा गया है. कोलकत्ता की घटना ने चिकित्सा समुदाय में अत्यधिक असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है और मांग की है कि अब से डॉक्टर समाज की सेवा करते हुए अपनी सुरक्षा बरकरार रखें। उल्हासनगर मेडिकल एसोसिएशन ने नागरिकों से इस बंद के दौरान सहयोग पर आभार प्रकट किया. उल्हासनगर में चिकित्सा समुदाय ने कैंडल मार्च के माध्यम से अपना गुस्सा और दुख व्यक्त करते हुए बंद का पुरजोर समर्थन किया है।

# अंबरनाथ में भी महिला डॉक्टर की हत्या का निषेध



**अंबरनाथ.** कोलकाता में प्रशिक्षणार्थी महिला डॉक्टर पर बलात्कार करके उसकी हत्या के निषेध में अंबरनाथ के डॉक्टरों के विविध संगठनों ने एकत्र आकर अपनी सेवाओं को बंद रखकर अपना निषेध व्यक्त किया. शहर के कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने अपनी सेवा को बंद रखा. रविवार 18 अगस्त को शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शहर के सभी डॉक्टर एकत्रित आकर मोमबत्ती जलाएंगे और निषेध व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थी मृत महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. ऐसी जानकारी डॉ. गणेश राठोड ने दी है. इस संबंध में हुई एक बैठक में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, डॉ. राठोड, डॉ. गौतम जठाले, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, पुरुषोत्तम उगले और उपस्थित डॉक्टरों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. शहर के सभी डॉक्टरों से अपील की गई है कि वह रविवार की शाम 7.30 बजे शिवाजी चौक पर एकत्रित होकर कैंडल जलाएं और श्रद्धांजलि सभा में भाग लें. शहर के प्रतिष्ठित लोगों एवं नागरिकों से भी डाक्टरों ने शामिल होने की अपील की है.

# हेरंब मंदिर में चोरी करनेवाले तीन गिरफ्तार

- उल्हासनगर अपराध टीम ने की जांच
- चोरी का माल बरामद
- सीसीटीवी की मदद से पकड़ाए



**उल्हासनगर.** अंबरनाथ के खेर सेक्शन इलाके में स्थित प्रसिद्ध हेरंब गणपति मंदिर में बुधवार सुबह बड़ी चोरी हो गई। चोरों ने मंदिर के अंदर गणपति के करीब तीन किलो चांदी के आभूषण और चार दानपात्रों से नकदी लूट ली। चोरों ने चोरी करने से पहले सीसीटीवी के तार काटने की कोशिश की, लेकिन सीसीटीवी में कैद होना उन पर भारी पड़ गया. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इस अपराध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.

आरोपी अरबाज महमूद खान, सतीश भाऊसाहेब भालेराव और रियान शेख को अंबरनाथ पश्चिम के जूना भेंडीपाड़ा, मटका चौक से जाल में फंसाया गया। चोरों के पास से चुराए गए आभूषण सहित कुल सामान बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है।

ठाणे पुलिस उपायुक्त शिवराज पाटिल, सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागड़े, उल्हासनगर अपराध जांच विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध इकाई के हेड कांस्टेबल चंदू पाटिल, चंदू सावंत, प्रसाद तोंडलीकर, संजय शिरमाले, योगेश वाघ, पिंटू थोरवे, सतीश सपकाले, अशोक कोली, मधुकर माली और बाला पाटिल जांच टीम ने अहम भूमिका निभाई है. उल्हासनगर अपराध जांच विभाग की इस कार्रवाई से इलाके में एक बार फिर पुलिस बल की कार्यकुशलता की चर्चा होने लगी है.

# उल्हासनगर में उत्तर भारतीय भवन को मनसे का विरोध

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में उत्तर भारतीय भवन के लिए जगह तय कर ली गई है, जिसके लिए विधायक कुमार आयलानी ने अपनी विधायक निधि से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की है. लेकिन जिस स्थान पर उत्तर भारतीय भवन बनाया जाएगा, उसको लेकर मनसे नेताओं ने विरोध किया है और यह रुख अपनाया है कि वे किसी भी हालत में इस जगह पर यह इमारत नहीं बनने देंगे.

उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने शहर के नागरिकों के लिए उत्तर भारतीय भवन की मांग की थी, जिसके लिए उन्होंने बीजेपी विधायक कुमार आयलानी पर दबाव डाला था और धमकी दी थी कि अगर उत्तर भारतीय भवन तुरंत नहीं बनाया गया तो वह पार्टी से इस्तीफा दे देंगे. उनके रुख का शहर में भाजपा के उत्तर भारतीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और अन्य दलों के उत्तर भारतीय नेताओं ने भी समर्थन किया था. अपनी ही पार्टी में उत्तर भारतीय नेता संजय गुप्ता और उनके साथियों के आक्रामक रुख के चलते विधायक कुमार आयलानी ने आनन-फानन में 50 लाख रुपये के फंड की घोषणा कर दी. उल्हासनगर-1 के कमला नेहरू नगर में बाल शिवाजी उद्यान की जगह भी तय की.

# कालानी को विधानसभा में रोकने की बनाई जा रही है रणनीति!

- एक मंच पर दिखे राक़ांपा जिल्हा अध्यक्ष तथा शिवसेना (यूबीटी) उपशहर प्रमुख

**उल्हासनगर.** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 141 विधानसभा मे सरगर्मी बढ़ती जा रही है. चुनाव मे 141 विधानसभा से महाविकास आघाड़ी के घटक दल यूबीटी उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा द्वारा टिकट यूबिटी खेमे को दिये जाने की मांग से कालानी खेमे मे हड़कंप मचा हुआ है. वहीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विश्राम भवन मे आयोजित ब्लड बैंक के कार्यक्रम मे यूबीटी उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा व राक़ापा जिल्हा अध्यक्ष भरत गंगोत्री एक मंच पर दिखाई देने से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शहर की राजनीति में उबाल आया हुआ है.

गौरतलब हो कि आगामी लोकसभा चुनाव मे ओमी कालानी ने दोस्ती का गठबंधन निभाते हुए शिवसेना (शिंदे गट) के उम्मीदवार डॉ. श्रीकान्त शिंदे को समर्थन दिया था और पिता-पुत्र सहित पूर्व महापौर पंचम कालानी ने डॉ. शिंदे का प्रचार किया था. लोकसभा चुनाव मे कालानी के इस दोहरी भूमिका से यूबीटी के पदाधिकारी जमकर नाराज हैं और यूबीटी की विधानसभा आढावा बैठक सहित अन्य मीटिंग मे




उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने विधानसभा टिकट यूबीटी के उम्मीदवार को दिये जाने की मांग की है.

यहां बता दें कि साम-दाम दंड भेद के बावजूद शिवसेना (यूबीटी) प्रत्याशी वैशाली ताई दरेकर को विधानसभा 141 में 32 हजार वोट मिले थे. जिससे यूबीटी के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है. उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा ने दावा किया है की यदि यूबीटी उम्मीदवार को महाविकास आघाड़ी की तरफ से टिकट दिया गया तो बीजेपी उम्मीदवार को औंधे मुह गिराया जा सकता है.

वहीं दिलीप मिश्रा और भरत गंगोत्री एक मंच पर दिखाई देने से शहर की गरमाई राजनीति के विषय पर उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा से फोन पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि भरत गंगोत्री और उनका एक मंच पर आना को- इंसीडेंट था. दिलीप मिश्रा ने कहा महाविकास आघाड़ी का टिकट यूबीटी खेमे के उम्मीदवार को मिले, इसके लिए कोशिशें की जा रही हैं. महाविकास आघाड़ी शरद पवार गट (राक़ापा), कांग्रेस या यूबीटी किसी भी महाविकास घटक दल के उम्मीदवार को टिकट देगी, हम आघाड़ी धर्म का पालन करते हुए उम्मीदवार का प्रचार-प्रसार करेंगे.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## डॉक्टरों के प्रदर्शन में भीड़ की हिंसा

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसमें सुधार और सख्ती का सवाल सरकार के लिए शायद अब भी नजरंदाज करने लायक है. इसमें दो राय नहीं कि इस वारदात के बाद लोगों के भीतर दुख और आक्रोश है और अस्पताल के भीतर सुरक्षा इंतजामों पर उठने वाले सवाल भी स्वाभाविक हैं. मगर इसकी आड़ में कुछ लोगों की भीड़ को अराजकता पैदा करने की छूट नहीं मिल जाती है. गौरतलब है कि महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में बुधवार की रात डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से लोगों की एक भीड़ आई और उसने हिंसा और व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ की. खबरों के मुताबिक, उस भीड़ में शामिल लोगों ने प्रदर्शन स्थल, वाहनों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया. यहां तक कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग को भी नहीं बख्शा गया और सीसीटीवी की भी तोड़फोड़ की गई.

एक बेहद त्रासद घटना पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से पहुंची भीड़ ने जो किया, वह या तो सुनियोजित लगता है या फिर पूरी तरह अराजक. अब एक ओर वहां सत्ताधारी से लेकर विपक्ष के सभी दल हिंसा करने वाली भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि यह घटना भ्रामक प्रचार अभियान की वजह से हुई. सवाल है कि जिस अव्यवस्था की वजह से एक डाक्टर की हत्या कर दी गई, उसके बाद भी पुलिस और प्रशासन को स्थिति की गंभीरता क्यों नहीं समझ में आई. सरकार का दायित्व क्या था? अस्पताल परिसर में एक अपराध के हो जाने के बावजूद वहां सुरक्षा व्यवस्था की हालत यह थी कि कोई अराजक भीड़ वहां घुसी और उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया. इससे अचानक उपजी परिस्थिति से निपटने की पुलिस की क्षमता और इच्छाशक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है. जरूरत इस बात की है कि इस संवेदनशील मामले पर सरकार से लेकर सभी पक्ष हर स्तर पर कानूनी तकाजों को पूरा करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर जोर दें, ताकि इंसाफ सुनिश्चित हो सके.

# 1971 में ही करा देना था अल्पसंख्यकों की रक्षा का प्रावधान

बांग्लादेश में हिंसा और विरोध प्रदर्शन के चलते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आईं शेख हसीना ने पूरे घटनाक्रम पर पहली बार चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के पीछे अमेरिका का हाथ है. अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया है, जिसके कारण वह बंगाल की खाड़ी में स्थित सेंट मार्टिन द्वीप अमेरिका को दे दे. लेकिन विचारणीय पहलू यह है कि भारत ने सन 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए पाकिस्तान से युद्ध किया और 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करके बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की.

भारतीय सैनिकों ने पूर्वी पाकिस्तान में मौजूद 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों और उनके कमांडर जनरल नियाजी को बंदी बना लिया था. इस युद्ध में 3,000 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 12,000 घायल हुए. इसके अलावा इस युद्ध में भारत की एक पंचवर्षीय योजना पर होने वाले धन के बराबर धन खर्च हुआ, जबकि उस समय देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था. यह धन देश की विकास योजनाओं पर खर्च किया जाना था. परंतु मानवता की पुकार के कारण भारत सरकार ने यह धन बांग्लादेश के निर्माण पर खर्च किया. युद्ध समाप्ति के बाद भारत सरकार और खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्वस्तर पर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के बगैर ही बांग्लादेश का निर्माण कर दिया और युद्ध समाप्ति के 15 दिन बाद ही अपनी सेना को बांग्लादेश से वापस




बुला लिया. यहां पर विचारणीय यह कि लंबे समय से पूरे पाकिस्तान में, जिसमें बांग्लादेश भी सम्मिलित है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे थे, जिसके कारण या तो वे पलायन कर रहे थे या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर हो रहे थे. आजादी से पहले 1946 में बांग्लादेश स्थित नोहा खाली नाम के स्थान पर हुए सांप्रदायिक दंगे में कई हिंदुओं की हत्याएं की गईं और महिलाओं से दुष्कर्म किए गए. महात्मा गांधी भी इन दंगों को नहीं रोक पाए थे.

1947 में पश्चिमी पाकिस्तान में हिंदू आबादी 18 फीसदी और पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में 25 फीसदी थी, लेकिन आज पाकिस्तान में हिंदू आबादी घटकर एक प्रतिशत और बांग्लादेश में केवल पांच फीसदी रह गई है. दोनों ही देशों से अब भी हिंदुओं पर किए जाने वाले अत्याचारों की खबरें आती रहती हैं. इतना सब होने के बाद भी बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाने और उसका निर्माण करने में अपने 3,000 सैनिकों की कुर्बानी और अपनी एक पंचवर्षीय योजना का पूरा धन खर्च करने के बाद भी भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई. न्याय और मानवता के आधार पर बांग्लादेश के संविधान में उसके निर्माण के समय ऐसे प्रावधान किए जा सकते थे, जिससे वहां की कानून व्यवस्था हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके. उस समय बांग्लादेश की सरकार भारत की हर शर्त मानने के लिए तैयार थी, क्योंकि भारत ने ही उसे पाकिस्तान की गुलामी से मुक्ति दिलाई थी. पूरे विश्व के इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है, जहां पर किसी देश ने दूसरे देश को बांग्लादेश की तरह स्वतंत्रता दिलाई हो.

इसके अलावा भारत की ओर से किए गए अनके आर्थिक अनुबंधों की वजह से बांग्लादेश आज दक्षिण एशिया की एक उभरती आर्थिक शक्ति बन रहा है. सीमाओं पर भी भारत ने उसे सुरक्षा प्रदान की है. पूरी बंगाल की खाड़ी में भारत की नौसेना अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बांग्लादेश की सीमाओं की सुरक्षा भी कर रही है. परंतु आज उसी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं और उनकी महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है, जिससे मानवता शर्मसार हो रही है. इस समय भारत सरकार को चाहिए कि बांग्लादेश में जो भी सरकार आती है, उसे साफ शब्दों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करने के लिए कहे, अन्यथा भारत अपने आर्थिक संबंध बांग्लादेश से समाप्त कर देगा. उसके विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र में आवाज उठाकर उसको भी पाकिस्तान की तरह एक आतंकी देश घोषित करवा सकता है. इस्राइल एक छोट-सा देश है, लेकिन पूरे विश्व के यहूदियों को वह संरक्षण उपलब्ध करा रहा है. क्या भारत भी इस प्रकार हिंदुओं की रक्षा कर सकता है? परंतु हमारे देश में धर्म निरपेक्षता की आड़ में हिंदुओं की बात ही नहीं की जाती.




आत्मा और परमात्मा एक ही तत्त्व के बने हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# जम्मू-कश्मीर में जम्हूरियत का जश्न

आखिरकार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कर दी गईं. वहां दस वर्ष बाद चुनाव होने जा रहे हैं. स्वाभाविक ही, वहां के राजनीतिक दलों में उत्साह नजर आ रहा है. दरअसल, वहां चुनाव न कराए जा सकने की वजह से लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया थम-सी गई थी. राजनीतिक गतिविधियां भी ठहरी हुई थीं. इसलिए मांग की जा रही थी कि जितना जल्दी हो सके, वहां चुनाव कराए जाएं. सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं. अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है. लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे. हालांकि इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा के लिए भी मतदान होंगे, जो एक ही चरण में कराए जाएंगे. मगर सबकी नजर जम्मू-कश्मीर पर बनी हुई है. वहां परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं. अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं. हालांकि परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों ने गहरा असंतोष व्यक्त किया था और उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया. मगर अब वह असंतोष थम गया लगता है.

किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है. दस वर्ष पहले हुए पिछले चुनाव में जब किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो भाजपा से सहयोग से पीडीपी ने



सरकार बनाई थी. वह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई थी. समय से पहले ही महबूबा मुफ्ती ने इस्तीफा दे दिया और वहां राज्यपाल का शासन लगा दिया गया था. उसके एक वर्ष बाद विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया था. अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद से वहां उपराज्यपाल का शासन चला आ रहा है.

केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही कि वह जल्द वहां चुनाव करा कर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस लौटा देगी. मगर स्थितियां सामान्य न होने के तर्क पर चुनाव टलते रहे. माना जा रहा था कि लोकसभा के साथ ही वहां विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएंगे, मगर निर्वाचन आयोग ने अलग से चुनाव कराना उचित माना. देर से ही सही, अब निर्वाचन आयोग की परीक्षा है कि वह किस प्रकार वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराता है.

कई मामलों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है. वहां हर वक्त आतंकी गतिविधियों का खतरा बना रहता है. कई लोगों का मानना है कि अगर विधानसभा चुनाव ठीक से संपन्न होंगे, तो आतंकी गतिविधियों पर विराम लगाने में भी कामयाबी मिल सकती है. लोकसभा चुनाव में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला, उससे उम्मीद की जाती है कि जम्हूरियत के जश्न में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे. निर्वाचन आयोग ने भी ऐसी ही उम्मीद जताई है. अब निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती यह है कि वह इस चुनाव में पारदर्शिता बरते. लोकसभा चुनाव को लेकर उसे कई प्रकार के आरोपों का सामना करना पड़ा, जो अभी तक खत्म नहीं हुए हैं. उम्मीद की जानी चाहिए कि उनसे सबक लेते हुए वह जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों को सचमुच जम्हूरियत का जश्न बनाने में कामयाब होगा.

# 200 साल से सही समय बता रही है ये अद्भुत घड़ी

बागपत के मुख्य बाजार में स्थित नवाबों की हवेली, जो लगभग 200 साल पुरानी है, अपनी अनोखी सोलर घड़ी के लिए प्रसिद्ध है. यह घड़ी हवेली के टॉप फ्लोर पर बनाई गई है, जो सूर्य की किरणों के माध्यम से सटीक समय बताती है. इस अद्वितीय घड़ी को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं.


इस हवेली का निर्माण नवाब शौकत अली के परिवार द्वारा करवाया गया था, और अब इसमें उनकी पांचवीं पीढ़ी निवास करती है. हवेली का निर्माण छोटे साइज की ईंटों से किया गया था, जब सीमेंट का उपयोग नहीं होता था. आज भी

जरा हट के

यह हवेली अपनी पुरानी शान में बरकरार है.

### सोलर घड़ी का निर्माण कराया

नवाब शौकत अली पांच वक्त की नमाज अदा करते थे, जिसके लिए उन्हें समय की



सटीक जानकारी की आवश्यकता होती थी. इसी जरूरत को पूरा करने के लिए राजस्थान से कारीगर बुलवाकर इस सोलर घड़ी का निर्माण कराया गया. हवेली के वारिस नवाब अहमद हमीद के परिवार ने इस धरोहर को संजोए रखा है.


### हवेली का राजनीतिक इतिहास

हवेली का राजनीतिक इतिहास भी उतना ही समृद्ध है. नवाब कोकब हमीद, जो इस हवेली के पूर्व मालिक थे, पांच बार बागपत के विधायक और मंत्री रह चुके हैं. इंदिरा गांधी भी इस हवेली में उनसे मिलने आई थीं.

### सोलर घड़ी की अनूठी विशेषता

इस सोलर घड़ी की विशेषता यह है कि यह धूप और रात्रि के प्रकाश से संचालित होती है और सटीक समय बताती है. इस अनोखी धरोहर को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं.

# बीमारियों को जन्म दे सकती है फिजिकल एक्टिविटीज़ की कमी



डेली रूटीन में अगर फिजिकल एक्टिविज ना के बराबर है, तो इससे शरीर कई तरह की समस्याओं का शिकार हो सकता है. शरीर के सभी अंग अपना काम सही तरीके से करते रहें इसके लिए फिजिकली एक्टिव रहना बहुत ही जरूरी है. ये एक्टिविटीज़ किसी भी तरह की हो सकती हैं फिर चाहे वो नॉर्मल वॉक हो, घर में काम, सीढ़ियां चढ़ना-उतरना या फिर 15 मिनट का योग. इन्हें आदत में शुमार कर लें. देखिए फिर कैसे आप लंबे समय तक हेल्दी और जवां बने रहेंगे. आइए जान लेते हैं फिजिकल एक्टिविटी की कमी होने से होने वाली प्रॉब्लम्स के बारे में.

### थकान का अहसास

जो लोग दिनभर में किसी भी तरह की एक्टिविटीज नहीं करते, उन्हें हमेशा ही थकान का एहसास होता रहता है. छोटा सा भी कोई काम करने पर थक जाते हैं और सुस्ती छाई रहती हैं.

### कब्ज

अगर आप दिन भर में किसी भी तरह का मूवमेंट नहीं करते, तो बहुत ज्यादा हद तक संभावना है कि आप कब्ज का भी शिकार हो सकते हैं. खाना खाने के बाद टहलने से बाउल मूवमेंट सही रहता है. गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी कई परेशानियों दूर रहती हैं.

### अवसाद

शारीरिक गतिविधि कम होने से बॉडी के साथ हमारे दिमाग पर भी असर पड़ता है. यह चिंता और अवसाद की भावनाओं को भी बढ़ा सकता है. पैदल चलना, बाइक चलाना, तैरना या दौड़ना जैसे कार्डियो व्यायाम आपके मूड को अच्छा रखते हैं और तनाव से दूर.

### जोड़ों में अकड़न

जोड़ों में दर्द, चलने-फिरने में कठिनाई कभी-कभी गठिया या ऑटोइम्यून बीमारी जैसी सूजन से जुड़ी परेशानियों का संकेत हो सकते हैं, लेकिन जब आप किसी भी तरह की एक्टिविटीज नहीं करते, तो इससे भी जोड़ों में अकड़न की शिकायत हो सकती है.

### सांसें फूलने लगती हैं

थोड़ा सा चलने में ही अगर आपकी सांसें फूलने लगती हैं, तो ये संकेत है फिजिकल एक्टिविटिज जीरो होने का. दरअसल जब आप रोजाना व्यायाम नहीं करते हैं, तो वो मसल्स जो सांस लेते समय आपके फेफड़ों को अंदर और बाहर जाने में मदद करती हैं, उनकी क्षमता कम होती जाती है.

# मूंग दाल से बनाएं पकोड़े




रिमझिम बारिश के मौसम में तो मूंग दाल पकोड़ों की डिमांड काफी बढ़ जाती है. आप भी अगर कुरकुरे और मसालेदार मूंग दाल पकोडे. घर पर बनाकर खाना चाहते हैं तो हमारे बताए तरीके की मदद से बेहद आसानी से इन्हें तैयार कर सकते हैं. आइए जान लेते हैं मूंग दाल पकोड़ें की सिंपल रेसिपी.

### सामग्री

- मूंग दाल (बिना छिलके वाली) – 1 कप
- धनिया बीज कुटा हुआ – 1 टी स्पून
- काली मिर्च कुटी – 1/2 टी स्पून
- हरी मिर्च कटी – 1 टेबलस्पून
- तेल – तलने के लिए
- नमक – स्वादानुसार

### बनाने की विधि

मूंग दाल पकोड़ा बनाने के लिए सबसे पहले मूंग दाल को साफ कर धोएं और फिर उसे 2 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें. इसके बाद साबुत धनिया और काली मिर्च दरदरी कूट लें. इसके बाद हरी मिर्च के बारीक टुकड़े कर लें. तय समय के बाद भिगोई मूंग



दाल को छन्नी में डालकर अतिरिक्त पानी निकल जाने दें. इसके बाद दाल और हरी मिर्च को मिक्सर में डालकर पीसें और दरदरा पेस्ट तैयार कर लें. ध्यान रखें कि दाल का बहुत ज्यादा स्मूद पेस्ट नहीं बनाना है.

अब तैयार पेस्ट को एक गहरे बाउल में डालें और उसमें धनिया बीज, दरदरी पिसी काली मिर्च डालकर मिलाएं. इसके बाद स्वादानुसा रनमक डालकर मिक्स करें. अब एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें. जब तेल गर्म हो जाए तो तैयार मिश्रण को थोड़ा-थोड़ा हाथों में लेकर पकोड़े बनाकर कड़ाही में डालते जाएं. अब पकोड़े तब तक तलें जब तक कि दोनों ओर से सुनहरे होकर क्रिस्पी न हो जाएं. इसके बाद प्लेट में उतार लें. इसी तरह सारे घोल से क्रिस्पी मूंग दाल

# डायबिटीज के लिए बेहद फायदेमंद होता है अमरूद

- **सेहत को रखे तंदुरुस्त**
- **5 बड़े फायदे जान रह जाएंगे दंग**

अमरूद खाने में जितना स्वादिष्ट होता है उतने ही स्वास्थ्य के लिए भी इसके फायदे हैं. इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं. जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. अमरूद में फाइबर, लाइकोपीन, विटामिन सी, और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. फाइबर से भरपूर अमरूद खाने से न सिर्फ पेट साफ होता है बल्कि यह को भी दूर करता है. इसके सेवन से डाइजेशन सिस्टम मजबूत होता है. अमरूद, पेट के अलावा अन्य कई बीमारियों में भी बेहद लाभकारी होता है.



आइए आज हम आपको अमरूद के सेहत को होने वाले फायदे बताते हैं.

### 1. इम्यूनिटी को करे बूस्ट

मेडिकल न्यूज टुडे के मुताबिक अमरूद पोषक तत्वों से भरपूर फल है. अमरूद में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है. इसके सेवन से इम्युनिटी बूस्ट होती है. यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है. अमरूद खाने से सामान्य इंफेक्शंस और बीमारियों से बचा जा सकता है.

### 2. वजन कम करने में फायदेमंद

अमरूद में कम कैलोरी पाया जाता है. इसमें फाइबर पर्याप्त मात्रा में होता है. इसे खाने से भूख कम लगती है. यह मेटाबॉल्ज्म को भी बूस्ट करता है. इस फल को खाने से वजन को कम करने में मदद मिलती है.

### 3. कॉलेस्ट्रॉल कम करे

अमरूद के नियमित सेवन से कोलेस्ट्रॉल कम रहता है. यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर हार्ट को मजबूत बनाता है. अगर आपका भी बैड कोलेस्ट्रॉल ज्यादा है तो अमरूद का सेवन करना चाहिए.

### 4. शुगर को करे कंट्रोल

अमरूद के सेवन ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है इसमें फाइबर बहुत अधिक पाया जाता है जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है. इसके नियमित सेवन से डायबिटीज को कम किया जा सकता है.

### 5. पाचनतंत्र को मजबूत करे

अमरूद के नियमित सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है. यह कब्ज से राहत दिलाता है. इसके सेवन से सुबह पेट अच्छे से साफ होता है. अमरूद सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है.

# क्या आप 'आलू' खाते हैं?

- **रोज खाना कितना सही?**
- **क्या यह वजन बढ़ाता है?**


भारत में 'आलू' के बिना सब्जी की कल्पना भी नहीं की जा सकती है. आलू ऐसी सब्जी है जो अकेले भी बन जाती है और किसी भी दूसरी सब्जी के साथ मिलाकर भी बन जाती है. लेकिन जो आप आलू खाते हैं क्या वह हेल्दी है. आलू के हेल्दी डाइट को लेकर हमेशा कंफ्यूजन रहता है. चूंकि आलू में बहुत अधिक मात्रा में कार्बोहाइड्रैट रहता है जिससे लोगों का मानना रहता है कि यह ब्लड शुगर और वजन को बढ़ा देता है. लेकिन वास्तविक सच्चाई क्या है. आइए जानते हैं.

टीओआई की खबर ने एक्सपर्ट के हवाले से बताया है कि आलू हेल्दी और



पोषक तत्वों से भरा होता है. इसमें फाइबर, पोटाशियम, आयरन, विटामिन सी और विटामिन 6 भी होता है. इसके बावजूद कुछ लोग आलू को अनहेल्दी क्यों मानते हैं. एक्सपर्ट के मुताबिक इसका कारण है आलू को पकाने का तरीका.

अगर आप आलू को डीप फ्राई कर देते हैं तो यह अनहेल्दी बन जाता है. इसलिए



फ्रेंच फ्राई अनहेल्दी आलू बन जाता है और इससे कई बीमारियां हो सकती है. अगर आलू को आप हेल्दी रूप में खाना चाहते हैं तो इसे या ता उबाल दीजिए या पका दीजिए या बेक कर दीजिए. हल्का फ्राई तक भी इसकी पौष्टिकता नष्ट नहीं होती.

**क्या आलू को रोज खाने से नुकसान होता है.** एक्सपर्ट के मुताबिक यदि हेल्दी तरीके से आलू को पकाया जाए तो इससे नुकसान नहीं होता. रोज खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है. इसमें मौजूद फाइबर और पोटैशियम हेल्थ के लिए फायदेमंद है.

**क्या आलू को खाने से वजन बढ़ता है?** इसका जवाब भी वही है. यदि आप सही तरीके से आलू को पकाते है और उसकी पौष्टिकता नष्ट नहीं होती है तो इससे वजन नहीं बढ़ेगा. हां, ज्यादा खाने पर वजन बढ़ सकता है. आलू खाने से हमारे शरीर में एनर्जी की पूर्ति होती रहती है. आलू में पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रैट रहता है जिससे तत्काल एनर्जी बनती है और यह दिमाग और शरीर के लिए बेहद जरूरी है. जो लोग एक्सरसाइज करते हैं उन्हें कार्बोहाइड्रैट की ज्यादा जरूरत होती है. वहीं कार्बोहाइड्रैट बेहतर पाचन के लिए भी जरूरी है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. विवेक से कार्य करें. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें.

**वृष :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा. मनोरंजन का समय मिलेगा. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा. कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. समय की अनुकूलता रहेगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन :** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है. दौड़धूप अधिक होगी. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. काम में मन नहीं लगेगा. बाहर जाने की योजना बनेगी. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा. व्यापार ठीक चलेगा.

**कर्क :** थकान व कमजोरी रह सकती है. खान-पान पर ध्यान दें. घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा. मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा. समय अच्छा व्यतीत होगा.

**सिंह :** विवाद को बढ़ावा न दें. हल्की हंसी-मजाक करने से बचें. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी. आत्मसम्मान बनेगा. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. नए मित्र बनेंगे. कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी. यात्रा मनोरंजक रहेगी. व्यापार ठीक चलेगा. कुसंगति से दूर रहें.

**कन्या :** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी. दूसरों के काम में दखल न दें. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. जल्दबाजी न करें.

**तुला :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. बनते काम बिगड़ सकते हैं. तनाव रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. यात्रा में विशेष सावधानी रखें. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं.

**वृश्चिक :** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें. यात्रा मनोरंजक रहेगी. सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी. व्यापार ठीक चलेगा. परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता बनी रहेगी.

**धनु :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें. समय अनुकूल है. कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी. योजना फलीभूत होगी. कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है. मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा. परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा.

**मकर :** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. कानूनी अड़चन दूर होगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे. तीर्थदर्शन की योजना बनेगी. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. लाभ होगा.

**कुंभ :** मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा. प्रसन्नता रहेगी. मनोरंजन होगा. चोट व दुर्घटना से हानि संभव है. जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. हल्की हंसी-मजाक न करें. विवाद हो सकता है. किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा.

**मीन :** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें. किसी प्रभावशाली व्यक्ति का

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### हथौड़े से वार कर मां को मौत के घाट उतारा

**सोनभद्र.** सोनभद्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार की रात एक सनकी बेटे ने हथौड़े से मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव को कपड़े में लपेटकर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। यह घटना बभनी थाना क्षेत्र के बचरा गांव का है। 50 साल की कमलेश देवी शुक्रवार देर शाम 8 बजे अपने घर में थी। तबी उसका बेटा किशुन बिहारी कहीं से घर आया और किसी बात को लेकर अपनी मां की पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद कमरे में रखे हथौड़े पर उसकी नजर पड़ी और वह हथौड़े से मां के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। हथौड़े के प्रहार से उसकी मां कमलेश देवी जमीन पर गिर पड़ी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मां के मरने के बाद बेटे ने उसके बदन को कपड़े से लपेट कर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

### चार दिन पहले घर से लापता हुई नाबालिग बच्ची लखनऊ रेलवे स्टेशन पर मिली

रायबरेली. बीती 13 अगस्त को स्कूल के लिए निकली रायबरेली की गायब नाबालिग बालिका को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। क्षेत्र के अमावां गांव के रहने वाली 13 वर्ष की बालिका एक स्कूल में पढ़ती है। वह 13 अगस्त मंगलवार को सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली परंतु स्कूल नहीं पहुंची। रास्ते में वह रहस्यमय में तरीके से गायब हो गई। जब दोपहर को वह घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने स्कूल से संपर्क किया। पता चला कि वह स्कूल ही नहीं पहुंची। परिजनों की सूचना पर बछरावां पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। बीती शुक्रवार शाम परिजनों को चारबाग रेलवे स्टेशन की छोटी लाइन के पास वह एक महिला के साथ दिखाई पड़ी। आनन फानन परिजनों ने बेटी को अपने कब्जे में किया और वहीं पर पुलिस चौकी ले गए।

### सीएमओ को दोनाली बंदूक की धमकी देने वाली टीचर सस्पेंड, नोटिस का भी नहीं दिया जवाब

**रामपुर.** रामपुर में सीएमओ को दोनाली बंदूक की धमकी देने और पूछताछ में उलटा जवाब देने वाली शिक्षिका को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों के समय-समय पर निरीक्षण के लिए एक टास्क फोर्स बनी हुई है। इसमें जिला स्तरीय अधिकारी नामित हैं। इसी बीच मुख्य चिकित्साधिकारी नगर क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां विद्यालय में मौजूद महिला शिक्षक से पूछा कि यहां प्रधानाध्यापक कौन हैं, तब महिला शिक्षक ने खुद को प्रधानाध्यापक बताया और दोनाली लाइसेंसी असलहा होने की बात कहीं। 25 जुलाई कलक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में सीएमओ ने डीएम को मौखिक रूप से पूरा मामला बताया। इस पर डीएम ने बीएसए को प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद बीएसए ने शिक्षिका को नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस का जवाब न देने पर शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर रेडियोएक्टिव मटेरियल लीक होने से हड़कंप, खाली कराया गया इलाका

**लखनऊ.** लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर कैंसर की रेडियो एक्टिव दवा लीक हो गई। सुरक्षा उपकरणों का अलार्म बजते ही हड़कंप मच गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी गई। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी गई। एरिया को खाली कराया गया।सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल जांच कर रही हैं। जो लोग उसकी जद में आए उनको रोक लिया गया है। रेडियोएक्टिव विकरण दिखाई नही देता लेकिन बेहद खतरनाक होता है।

# कर्नाटक CM के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चलेगा केस : राज्यपाल ने दी मंजूरी

## सिद्धारमैया पर जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स लगाने का आरोप

**बंगलूरु.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा. राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार (17 अगस्त) को इसकी आधिकारिक अनुमति दे दी है. सिद्धारमैया पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) की जमीन के मुआवजे लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप है.

26 जुलाई को राज्यपाल ने नोटिस जारी कर CM से 7 दिन में जवाब मांगा था. 1 अगस्त को कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी और उन पर संवैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया.

MUDA घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है. एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि CM ने MUDA अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए.



### MUDA केस क्या है

- साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (**MUDA**) ने कुछ जमीन को रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी. इसके बदले **MUDA** की इंसेटिव 50:50 स्कीम के तहत अधिग्रहित भूमि मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई.
- 1992 में **MUDA** ने इस जमीन को डीनोटिफाई कर कृषि भूमि से अलग किया था. 1998 में अधिगृहित भूमि का एक हिस्सा **MUDA** ने किसानों को डेनोटिफाई कर वापस कर दिया. यानी एक बार फिर ये जमीन कृषि की जमीन बन गई.

### MUDA केस में सिद्धारमैया का नाम कैसे आया

दरअसल, सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसूर जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ और 16 गुंटा जमीन थी. ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी. MUDA ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था.

हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसूर के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए गए थे. इनका 50:50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था.

# पैगंबर मोहम्मद पर क्या बोल गए रामगिरी महाराज?

### दर्ज हो गई एफआईआर



**ठाणे.** ठाणे जिले में पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हिंदू धर्म से जुड़े नेता रामगिरी महाराज के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने बताया था कि हाल में नासिक जिले में सिन्नर तालुका के शाह पंचाले गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान रामगिरी महाराज ने कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

मुंब्रा पुलिस ने रामगिरी महाराज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से बात कहना) और कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना और आपराधिक धमकी देने से संबंधित धाराएं शामिल हैं.

रामगिरी महाराज के खिलाफ राज्य के नासिक और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में भी प्राथमिकियां दर्ज हैं. रामगिरी महाराज ने कहा है कि उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में यह बयान दिया था. उन्होंने शुक्रवार को कहा था, 'मेरा एकमात्र मकसद हिंदुओं को एकजुट करना था. अब जो भी होगा, मैं उसका सामना करूंगा. अगर मामला दर्ज हुआ है तो मैं नोटिस आने पर इसे देखूंगा.'

छत्रपति संभाजी नगर में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भी रामगिरि महाराज के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरे थे. मुस्लिम समुदाय उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है. रामगिरि महाराज सरला द्वीप के मठाधीश हैं. गोदावरी नदी के विभाजन के बाद यह मठ बना था.

### कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस पटरी से उतरी, IB की टीम मौके पर पहुंची

**कानपुर.** उत्तर प्रदेश के कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस (19168) पटरी से उतर गई..22 डिब्बे डिरेल हुए हैं. ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी. गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई. कुछ यात्री घायल हुए हैं. हादसा देर रात 2.35 बजे कानपुर शहर से 11 किमी दूर भीमसेन और गोविंदपुरी स्टेशन के बीच हुआ. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- ट्रेन का इंजन पटरी पर रखी किसी भारी चीज से टकराया. इंजन पर टकराने के निशान हैं. सबूत सुरक्षित रखे गए हैं. IB और UP पुलिस जांच कर रही है. नॉर्दन सेंट्रल रेलवे के GM उपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा- यह तय है कि हादसा इंजन के किसी चीज से टकराने से हुआ है. मौके पर कोई चीज नहीं मिली है. हादसे के वक्त ट्रेन की स्पीड 70 से 80 के बीच थी. एक पहिया उतरते ही प्रेशर कम हुआ. ड्राइवर ने वक्त रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया.

UP के DGP प्रशांत कुमार ने कहा- दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे. कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार मौके पर पहुंचे. आसपास के लोगों से पूछताछ की. पटरी के टुकड़े को भी देखा.

# डल झील में बनाए जाएंगे तैरते हुए मतदान केंद्र

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : LoC को लेकर भी खास तैयारी, सीमारी कुपवाड़ा जिले का पहला मतदान केंद्र

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कोई मतदाता नहीं छूट जाए, चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है. इसके लिए ईसी ने डल झील में 3 तैरते मतदान केंद्र बनाने का फैसला लिया है. साथ ही नियंत्रण रेखा पर भी एक मतदान केंद्र स्थापित करेगा जोकि अपने आप में बेहद खास होगा. एलओसी पर बनाया जाने वाला पोलिंग बूथ विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के लिए है, क्योंकि यहां 100 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति की है.

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो चुकी है. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इन अनूठे मतदान केंद्रों की स्थापना का



उद्देश्य गैर पहुंच वाले इलाकों तक संपर्क सुनिश्चित करना है. डल झील में बने तीन तैरते मतदान केंद्रों तक मतदान दल को नावों और शिकारों से ले जाया जाता है. कुमार ने बताया कि तीनों मतदान केंद्रों में से एक केंद्र 'खार मोहल्ला आबी करपोरा' में केवल 3 मतदाता हैं. गुरेज विधानसभा क्षेत्र में कोरागबल मतदान केंद्र भारतीय और पाकिस्तानी क्षेत्रों के बीच नियंत्रण रेखा पर स्थित है.

राजीव कुमार ने कहा, 'यह मतदान केंद्र विशेष रूप से 100 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति (ST) आबादी के लिए है. लोकसभा चुनाव में इस मतदान केंद्र पर 80.01 प्रतिशत मतदान हुआ था. सीमारी कुपवाड़ा जिले का पहला मतदान केंद्र है. मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रसद और सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद यहां लगातार उच्च मतदान प्रतिशत रहता है. यह वाकई उत्साह बढ़ाने वाली चीज है.

जम्मू-कश्मीर में एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. यहां 18 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच तीन चरणों में मतदान होगा. नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे. यहां विधानसभा की 90 सीट हैं. 18 सितंबर को पहले चरण में 24 सीट पर मतदान होगा, जबकि 25 सितंबर को दूसरे चरण में 26 और 1 अक्टूबर को तीसरे चरण में 40 सीट पर चुनाव होंगे. जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर 2014 में 5 चरणों में हुआ था.

**कोलकाता रेप-मर्डर केस : केंद्र बोला-**

# डॉक्टर हड़ताल खत्म करें

- सुरक्षा के लिए कमेटी बनाएंगे
- IMA ने 24 घंटे के लिए काम रोका





**नई दिल्ली.** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल का शनिवार को 8वां दिन है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने भी 24 घंटे के लिए अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रखने की बात कही है.

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने को कहा है. मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- डॉक्टरों की मांग को लेकर कमेटी बनाई जाएगी. सुरक्षा के लिए राज्य सरकारों से भी सुझाव मांगे जाएंगे.

स्वास्थ्य मंत्रालय के इस फैसले के पहले IMA चीफ ने शनिवार को कहा- इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर अस्पतालों में कामकाज बंद है. हमारी मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. हमने ऐसा कुछ नहीं मांगा जो सरकार नहीं कर सकती है.

दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी. 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद IMA ने देशभर में प्रदर्शन का फैसला किया था.

### भागलपुर में अगवानी पुल का सुपर स्ट्रक्चर फिर गिरा

**भागलपुर.** भागलपुर में शनिवार सुबह सुल्तानगंज अगवानी गंगा पुल के पिलर 9 का सुपर स्ट्रक्चर गिर गया. गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण ये घटना घटी है. पिलर संख्या 9 और 10 के बीच का स्लैब के सेगमेंट के लिए बना स्ट्रक्चर नदी में समा गया.

ये तीसरी बार है, जब इस पुल का सुपर स्ट्रक्चर गिरा है. सुपर स्ट्रक्चर गिरने का वीडियो भी सामने आया है. इस हादसे में किसे के हताहत होने की सूचना नहीं है. बिहार में पिछले 2 साल में 21 पुल गिरे हैं. इनमें 15 से ज्यादा छोटे और पुराने पुल भी हैं.

# आरोपी स्टूडेंट का बुलडोजर से अवैध मकान तोड़ा

- बिजली कनेक्शन भी काटा
- घर खाली कराने के बाद कार्रवाई
- नगर-निगम ने सुबह ही दिया था नोटिस

**उदयपुर.** उदयपुर में हमलावर स्टूडेंट के अवैध घर पर नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया है. इससे पहले घर को खाली कराया गया और बिजली कनेक्शन भी काटा गया.

करीब 12 बजे नगर निगम ने अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई शुरू की थी. इससे पहले शनिवार सुबह ही नगर निगम और वन विभाग ने अवैध निर्माण को लेकर घर पर नोटिस चिपकाया था.

हालांकि, वन विभाग ने परिवार को घर खाली करने का तीन दिन का टाइम दिया था. अधिकारियों का कहना है कि ये वन विभाग की जमीन है. वहीं, आरोपी स्टूडेंट का आज एक वीडियो सामने आया है.



दावा किया जा रहा है कि यह फुटेज शुक्रवार को हमले के बाद का है. इसमें वो स्कूटी पर भागते हुए दिख रहा है. शुक्रवार को हुई घटना के बाद से शहर में नेटबंदी है और स्कूल भी बंद किए गए हैं. हालांकि, शनिवार सुबह से शहर में हालात सामान्य हैं और बाजार भी खुल गए हैं.

शुक्रवार सुबह शहर भट्टियानी चौहट्टा के सरकारी स्कूल एक स्टूडेंट ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया था. इसके बाद शहर में तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी. दावा किया जा रहा है कि दोनों स्टूडेंट के बीच तीन-चार दिन से झगड़ा चल रहा था, लेकिन स्कूल प्रशासन को इसकी भनक नहीं लगी.

आरोपी स्टूडेंट की एक सोशल मीडिया चैट भी सामने आई है जिसमें वो दूसरे दोस्त के साथ हमले और जान से मारने की बात कर रहा है. बताया जा रहा है कि ये चैट हमले से तीन दिन पहले की है. घायल छात्र की हालत स्थिर है. मुख्यमंत्री ने बच्चे के इलाज के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम का चार्टर प्लेन से उदयपुर भेजा है.

# जस्टिस गवई बोले- देश की संपत्ति चुनिंदा हाथों में

- कुछ को दो वक्त का खाना नहीं
- एक जगह मिली समानता बाकी में अंधा नहीं बना सकती

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार (16 अगस्त) को दुख जताते हुए कहा कि देश की पूरी संपत्ति चंद लोगों के हाथों में है. बहुत से ऐसे लोग हैं जो दो वक्त की रोटी नहीं जुटा पाते. हमें आर्थिक रूप से इस भेदभाव को दूर करना होगा.

जस्टिस गवई केरल हाईकोर्ट के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में कमी को कैसे दूर किया जाए, इस पर चर्चा की.

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने



जस्टिस गवई ने डॉ भीमराव अंबेडकर के 1949 में दिए गए एक कोट का जिक्र करते हुए कहा- राजनीतिक क्षेत्र में वोटिंग का समान अधिकार हमें अन्य क्षेत्रों में असमानता के प्रति अंधा नहीं बना सकता.

कहा, डॉ अंबेडकर चाहते थे कि राजनीति में एक व्यक्ति, एक वोट का प्रावधान हो. यह करके उन्होंने समानता का अधिकार तो दिया, लेकिन आर्थिक और सामाजिक न्याय असमानता के बारे में क्या? हमारे पास एक ऐसा समाज है जो कई कैटेगरी में बंटा हुआ है. लोग एक से निकलकर दूसरे में नहीं जा सकते.


इसलिए, उन्होंने (डॉ. अंबेडकर ने) हमें चेतावनी दी कि हमें इन असमानताओं को मिटाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे. यदि हम ऐसा नहीं करते हैं तो लोकतंत्र की वह इमारत ढह जाएगी जिसे हमने इतनी मेहनत से बनाया है.

### जस्टिस गवई बोले- कोर्ट, जज और वकील आम नागरिकों के लिए हैं

जस्टिस गवई ने आगे कोर्ट में टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग पर भी चर्चा की. उन्होंने कहा- टेक्नोलॉजी ने लाखों भारतीय नागरिकों को राहत प्रदान की है. 2020 के बाद हमने देखा है कि पूरे देश में टेक्नोलॉजी में काफी प्रगति हुई है. हम AI का भी उपयोग कर रहे हैं. कोर्ट के फैसलों को विभिन्न स्थानीय भाषाओं में ट्रांसलेट किया जाता है. यह सिस्टम जजों या वकीलों के लिए नहीं है, यह आम लोगों के लिए है. हम सभी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति यानी भारत के आम नागरिक के लिए काम करते हैं.

# सेना का कमाल : पहले पोर्टेबल हॉस्पिटल का 15 हजार फीट की ऊंचाई पर एयर ड्रॉप

**नई दिल्ली.** भारतीय वायुसेना और थलसेना ने संयुक्त रूप से लगभग 15 हजार फुट की ऊंचाई पर 'पैरा-ड्रॉप' कैंपेन को अंजाम दिया। आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब पहल के तहत पहली बार इस तरह का अभियान चलाया गया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 'क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब' को परियोजना भीष्म (सहयोग, हित और मैत्री के लिए भारत स्वास्थ्य पहल) के अंतर्गत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया



है। यह अभियान मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) के रूप में प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति मुहैया कराने में काफी अहम है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप इसे अंजाम दिया गया।

बयान में कहा गया कि वायुसेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करने और सटीक तरीके से पैरा-ड्रॉप करने के लिए अपने सामरिक परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया कि थलसेना की पैरा ब्रिगेड ने अपने ड्रॉप उपकरणों का इस्तेमाल करके ट्रॉमा केयर क्यूब की सफल तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रदर्शन दूरदराज और पर्वतीय क्षेत्रों में भी मानवीय सहायता व आपदा राहत कार्यों में प्रभावी ढंग से सहयोग को लेकर विशेष सैन्य क्षमता को दर्शाता है।

# विनेश फोगाट का ओपन जीप में रोड शो

- एयरपोर्ट पर साक्षी के गले लगकर रोईं
- बोलीं- देशवासियों का धन्यवाद, मैं बहुत भाग्यशाली हूं



पेरिस ओलिंपिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले से पहले डिस्क्वालिफाई हुईं विनेश फोगाट की वतन वापसी हो गई है. वे दिल्ली एयरपोर्ट से करीब 11 बजे बाहर आईं. इस दौरान वे अपनी साथी रेसलर साक्षी मलिक के गले लगकर रोने लगीं. इसके बाद विनेश ओपन जीप में रवाना हो गई हैं. दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत देख विनेश ने कहा- "पूरे देशवासियों का बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं बहुत भाग्यशाली हूं".

वहीं दिल्ली एयरपोर्ट से विनेश के पैतृक गांव बलाली (चरखी दादरी जिला) तक करीब 125 किलोमीटर के रास्ते में उनका जगह-जगह स्वागत होगा. गांव के खेल स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम रखा गया है. हालांकि, एक दिन पहले ही आचार संहिता लग जाने के कारण राज्य सरकार इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रही है.

सीएम नायब सैनी ने कुछ दिन पहले विनेश को 4 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया था. वहीं बलाली गांव के पूर्व सरपंच राजेश सांगवान ने बताया कि विनेश को गोल्ड विजेता की तरह ही सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए देसी घी के व्यंजन तैयार कराए जा रहे हैं. प्लेयर, कोच समेत अन्य लोगों को पहलवानों वाली डाइट दी जाएगी.

### संसद की सुरक्षा में चूक : युवक दीवार फांदकर अंदर कूदा

**नई दिल्ली.** संसद भवन की सुरक्षा में शुक्रवार (16 अगस्त) को सेंध का मामला सामने आया. एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया. वहां तैनात सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (CISF) के जवानों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया.

आरोपी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें वह शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहने हुए है. CISF के जवान उसे पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं. पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है. वह अपना नाम भी ठीक से नहीं बता पा रहा है.

न्यूज एजेंसी PTI ने CISF के सूत्रों के हवाले से बताया कि आरोपी के पास से कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला. युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी मनीष के रूप में हुई है. मामले में जांच जारी है.

CISF के सूत्रों के अनुसार, घटना इम्तियाज खान मार्ग की तरफ हुई. संदिग्ध आरोपी दोपहर करीब 2:45 बजे दीवार फांदकर पार्लियामेंट एनेक्सी भवन के कैंपस के अंदर कूद गया. संसद परिसर की सुरक्षा देखने वाले CISF जवानों ने युवक को देखने के बाद PCR कॉल की और स्थानीय पुलिस को सूचित किया. पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और युवक को पास के पुलिस स्टेशन ले गई, जहां अधिकारियों ने उससे पूछताछ की.

# जिस अस्पताल में डॉक्टर की हत्या, उसका तुरंत शुरू हो गया रेनोवेशन

- महिला आयोग ने उठाए गंभीर सवाल

**कोलकाता.** कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने आरोप लगाया है कि सूबतों से छेड़छाड़ के लिए जल्दबाजी में अस्पताल का रेनोवेशन शुरू कर दिया गया. महिला आयोग ने कहा कि घटनास्थल को पुलिस द्वारा तुरंत सील कर दिया जाना चाहिए था. महिला आयोग ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया है. राष्ट्रीय महिला आयोग की जांच में पाया गया है कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था का अभाव था. इसके अलावा अस्पताल का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बेहद कमजोर था.

एनसीडब्लू ने दावा किया है कि अस्पताल में कोई सिक्योरिटी गार्ड नहीं था. वहीं इंटर्न, डॉक्टर और नर्सों को बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के नाइट शिफ्ट के लिए बुलाया जाता था. पैनल ने कहा कि अस्पताल में सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई है. घटनास्थल के आसपास अचानक रेनोवेशन का काम शुरू कर दिया गया. पुलिस को घटनास्थल को तुरंत सील कर देना चाहिए था.



इसके अलावा महिला कर्मचारियों के लिए अस्पताल में अलग से कोई व्यवस्था नहीं थी. वॉशरूम की भी दशा बेहद खराब थी और वहां ठीक से लाइट का भी प्रबंध नहीं था. जांच पर भी महिला आयोग ने गंभीर सवाल उठाए हैं. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिलीप घोष ने घटना के बाद इस्तीफा दे दिया था. महिला आयोग ने कहा कि उनसे पूछताछ अभी पूरी नहीं हुई है. मीडिया रिपोर्ट्स का जिक्र करते हुए NCW ने कहा कि 10 अगस्त को आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा था और कहा था कि तुरंत कार्रवाई की जाए.

उल्हास विकास
ठाणे/मुंबई/बॉलीवुड

## संक्षेप...

### अटल सेतु से खुदकुशी कर रही महिला को पुलिस ने बचाया

**मुंबई.** मुंबई के अटल सेतु से नीचे कूद रही एक महिला को पुलिस ने बचाया है. घटना शुक्रवार शाम 7 बजे की है. इसका CCTV फुटेज भी सामने आया. वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला कार से उतरकर अटल सेतु की रेलिंग क्रॉस करती है. इस बीच पुलिस की गाड़ी भी आ जाती है. महिला जैसे ही समुद्र में छलांग लगाती है. वहां खड़े एक शख्स ने महिला के बाल पकड़ लिए. तब तक पुलिसकर्मी भी आए. उनकी मदद से महिला को ऊपर खींचा गया. पुलिस ने बताया, महिला की पहचान रीमा पटेल (56 साल) के रूप में हुई है

# 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' का शानदार शुभारंभ

**पुणे.** पुणे के महिला बहनों से खचाखच भरे छत्रपति खेल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' का शानदार शुभारंभ शनिवार को किया गया. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस अवसर पर भावुक शब्दों में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के जीवन में खुशी और आनंद लाना भाइयों की ईमानदार इच्छा है और इसीलिए मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के माध्यम से 1500 रुपये मासिक बहनों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे




पाटिल, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदा पाटिल, विधान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ। नीलम गोरे, महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे और अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शिंदे ने आज प्रिय बहनों के जीवन में खुशी का क्षण बताते हुए कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना से लाखों बहनों को खुशी मिली है। उनका प्रेम जीवन का महान आधार है। इस योजना के लिए पूरे साल की वित्तीय योजना बनाई गई है. जरूरतमंद बहनों के लिए ये डेढ़ हजार रुपये बहुत



मायने रखते हैं। वे इस राशि से परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ आर्थिक उन्नति भी कर सकेंगे। अब आपको मदद के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है.

योजना के लिए आवेदन भरने के लिए महिलाओं के पास 31 अगस्त तक का समय है। आवेदन पत्र भरने के बाद उनके बैंक खाते में जुलाई, अगस्त, सितंबर माह की कुल राशि जमा कर दी जाएगी। कुछ महिलाओं के बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक करने के बाद उनके खाते में राशि जमा कर दी गई है. हर पात्र बहन को योजना का लाभ दिया जायेगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार महिलाओं को करोड़पति बनते देखना चाहती है, उन्हें आत्मसम्मान दिलाना चाहती है और महिला विकास योजनाओं को लागू करने में पीछे नहीं रहेगी.

### आइए एक ऐसा महाराष्ट्र बनाएं जो महिलाओं का सम्मान करे-फड़णवीस

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री फडनवीस ने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी हो। इससे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ेगी और हम महिलाओं का सम्मान करने वाला महाराष्ट्र बनाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना के लिए मार्च 2025 तक का प्रावधान किया गया है और आगे भी हर साल बजट में प्रावधान किया जायेगा.

वहीं उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, राज्य की महिलाओं को अधिक सक्षम और सशक्त बनाने, उन्हें मान-सम्मान देने के लिए बजट में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना शुरू की गयी है. इस योजना को माताओं-बहनों का सहज प्रतिसाद मिल रहा है। अब तक माताओं-बहनों के बैंक खाते में जुलाई और अगस्त माह में 3-3 हजार रुपये मिलाकर 1 करोड़ 3 लाख रुपये जमा हो चुके हैं।

# गंदगी से परेशान महिलाओं ने प्रशासक को घेरा

### कचरे को लेकर सुनाई खरी खरी..

**भिवंडी.** भिवंडी कल्याण मार्ग स्थित अरिहंत कांप्लेक्स के समीप मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 2 के कार्यालय का उद्घाटन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय रात्रि निवारा केन्द्र में गरीब लोगों की खातिर जीवन आवश्यक सामग्री का वितरण कार्यक्रम आयुक्त अजय वैद्य की उपस्थित में हुआ. प्रभाग कार्यालय उद्घाटन के बाद जैसे ही आयुक्त अजय वैद्य कार्यक्रम से बाहर निकले वैसै सोसाइटी की सैकड़ों महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और समय पर कचरा नहीं उठाने,घंटा गाड़ी नहीं आने की




शिकायत की.महिलाओं ने नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि,टैक्स भुगतान के बावजूद मनपा प्रशासन मूलभूत सुविधा देने में अक्षम है.शहर के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं. उक्त मौके पर आयुक्त वैद्य के साथ अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके,उपायुक्त मुख्यालय नयना ससाणे,उपायुक्त समाज कल्याण डॉ.अनुराधा बाबर, प्रभारी शहर अभियंता सचिन नाईक, जलापूर्ति प्रभारी अभियंता संदीप पटनावर,प्रभाग समिति 2 प्रभाग अधिकारी सुधीर गुरव, जनसंपर्क प्रमुख मिलिंद पलसुले सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, कचरा नहीं उठाए जाने से नाराज महिलाओं ने जब आयुक्त वैद्य का घेराव किया तो उन्होंने आरोग्य अधिकारी जे एम सोनावने से जानकारी मांगी तो वे सिर्फ बहानेबाजी करते देखे गए.आयुक्त ने आरोग्य अधिकारी सोनावने से क्षेत्र में सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देकर नाराज महिलाओं को शांत कराया.

विदित हो कि,भिवंडी शहर में चारों तरफ कचरे का अंबार जमा है.करीब 2.5 करोड़ रुपए कचरा ठेकेदारों के भुगतान के बाद भी शहर गंदगी की चपेट में है.शहरवासी गंदगी से संक्रामक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं.

### भिवंडी में मेडिकल एसोसिएशन ने निकाला मोर्चा

**भिवंडी.** कलकत्ता में महिला डाक्टर से हुई दुराचार एवम हत्या को लेकर भिवंडी में भी आईएमए द्वारा अस्पतालों को 24 घंटे बंद रखे जाने की घोषणा पर अमल करते हुए अस्पतालों को डाक्टरों द्वारा एकजुट होकर बंद रखा गया.डाक्टर,नर्स सब अस्पताल, डाक्टरों,नर्सों की सुरक्षा संबंधी बैनर लिए सरकारी तंत्र के खिलाफ सड़कों पर विरोध दर्शाते देखे गए. शहर में अधिसंख्य निजी अस्पताल बंद होने से नए मरीजों को उपचार की दिक्कत झेलनी पड़ी.

# फोटोग्राफी स्पर्धा व प्रदर्शनी का उद्घाटन

**ठाणे.** फोटोग्राफी में बड़ी उपलब्धि हासिल कर राष्ट्रीय स्पर्धा व प्रदर्शनी में ख्याति ठाणेकरों को मिली है.इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक नागरिक, विद्यार्थी शामिल होकर लाभ लेने के लिए विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा.ठाणे मनपा व ठाणे दैनिक पत्रकार संघ की ओर से इस प्रदर्शनी को आयोजित किया गया है.इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 1 प्रशांत रोडे, उपायुक्त ( जनसंपर्क) उमेश बिरारी, उपायुक्त (क्रीडा) मीनल पालांडे, ठाणे दैनिक पत्रकार संघ अध्यक्ष आनंद कांबले, निलेश पानमंद, विभव बिरवटकर, प्रफुल्ल गांगुर्डे, अनुपमा गुंडे, विकास काटे, अशोक गुप्ता, पंकज रोडेकर सहित पदाधिकारी उपस्थित थे.इस प्रदर्शनी



का आयोजन हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे स्मारक किया गया है इसका यह दूसरा साल है.विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि ठाणे मनपा सांस्कृतिक क्षेत्र में सदैव तत्पर रहती है.ठाणे में इस परंपरा की शुरुआत स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे व वसंतराव डावखरे ने किया था जिसकों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कायम रखा है.इस प्रदर्शनी की ख्याति पूरे देश में फैले.

फोटोग्राफी निकालने के लिए परिश्रम करना पड़ता है हमेशा ध्यान रखना पड़ता है.फोटोग्राफर का विकास हो और सुरक्षा के लिए मनपा व सरकार इस पर विचार करें यह बात विधायक निरंजन डावखरे ने कहा.नागरिकों के लिए विनामूल्य सुबह 10 बजे रात 9 बजे तक 20 अगस्त तक खुला रहेगा.

# 27 गांवों के सफाई कर्मचारियों को मनपा के नियमानुसार मिलेगा वेतन

### 500 कर्मचारियों के संघर्ष और सांसद शिंदे के प्रयासों को सफलता



उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** 27 गांवों के लगभग 500 सफाई कर्मचारी केडीएमसी में शामिल होने और महापालिका के नियमानुसार वेतन मिलने की मांग को लेकर काम बंद आंदोलन कर हड़ताल पर चले गए थे. बीते सोमवार को कर्मचारियों से मुलाकात के दौरान कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने आश्वासन दिया था कि वह सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे. इसके तीन दिन बाद ही सांसद शिंदे ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के साथ बैठक की और इन सभी सफाई कर्मचारियों का मुद्दा सरकार के समक्ष रखा. इन सभी कर्मचारियों को जल्द ही महापालिका में शामिल किए जाने की बात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कही. साथ ही उन्होंने मनपा प्रशासन को आदेश दिया कि इसके लिए प्रक्रिया तेजी से लागू की जाये. सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के फॉलोअप से इन कर्मचारियों का संघर्ष सफल हुआ और करीब 500 कर्मचारियों के परिवार वालों को बड़ी राहत मिली .

### 27 गांवों की कर माफी का सरकारी फैसला

कल्याण डोंबिवली मनपा में 27 गांवों को शामिल किए जाने के बाद नागरिकों के संपति कर में बढ़ोतरी की गई थी और उनसे बढ़ा हुआ वसूला जा रहा था. इसके चलते यहां के नागरिकों ने टैक्स देना बंद कर दिया, जिससे महापालिका को भी आर्थिक नुकसान हो रहा था. लेकिन इसके लिए सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे ने लगातार पैरवी की और मांग की थी कि यहां के नागरिकों पर 2017 से पहले की तरह ही टैक्स लगाया जाए.मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और पुराना टैक्स लगाने का फैसला किया. इस विषय में सरकार की ओर से हाल ही में फैसला भी सुनाया गया है. इससे 27 गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है.

# वसई में गर्लफ्रेंड की बेटी से रेप... फरार आरोपी 4 साल बाद गिरफ्तार

**वसई:** गर्लफ्रेंड की बेटी से रेप कर फरार हुए आरोपी को क्राइम ब्रांच 3 की टीम ने 4 साल बाद हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया. वह अपना नाम बदलकर पुलिस को बेवकूफ बना रहा था। आरोपी अनिल बिडलान का नालासोपारा की एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस महिला की पहले पति से 18 साल की बेटी है. बिडलान का इस महिला के घर आना-जाना था।

2021 में पीड़ित बच्ची की मां काम पर गई थी. उस वक्त आरोपी बिडलान उसके घर गया. वह उसे काम के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ



बलात्कार किया। इस घटना से लड़की मानसिक रूप से सदमे में थी. इस मामले में बिडलान के खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन में रेप का मामला दर्ज किया गया था. लेकिन उसके बाद से वह फरार चल रहा था.

आरोपी बिडालना के मामले की जांच मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर जांच शुरू की. पुलिस को सूचना मिली थी कि बिडालना नाम बदलकर उत्तराखंड के हरिद्वार में रह रहा है। पुलिस ने जाल बिछाया और उसे गिरफ्तार कर लिया.

आगे की जांच के लिए उसे नालोसापारा पुलिस को सौंप दिया गया है। अपराध शाखा 3 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडख, पुलिस उपनिरीक्षक उमेश भागवत, अशोक पाटिल, मनोज चव्हाण, सचिन घेरे, मुकेश तटकरे, सागर बरवाकर, अश्विन पाटिल आदि की टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

# डामर कंपनी में आग पर पाया काबू


**ठाणे.** मनपा के बालकुम प्रभाग समिती के अंतर्गत घोड़बंदर रोड स्थित ठाकुर कंपाउंड के पास नागला बंदर भायंदर पाढ़ा में मे. ए. आय. सी. प्रा. लि. डांबर कंपनी में साढ़े तीन बजे आग लगने की जानकारी आपदा प्रबंधन को मिलते ही बालकुम अग्निशमन विभाग घटना स्थल पर पहुचकर आग



बुझाने के लिए जुट गये.इसके लिए 1हायराईज वाहन,1 रेक्यु वाहन सहित आपदा प्रबंधन के कर्मचारी मौजूद थे.इस घटना की विस्तृत जानकारी पूछे जाने पर मोबाइल से बातचीत में आपदा प्रबंधन के अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया कि आग बुझा दिया गया है किसी भी व्यक्ति को आगजनी में क्षति नही हुआ.आगजनी का कारण जांच के बाद पता चलेगा.

# शैम्पू के बोतल में ड्रग्स

### मुंबई एयरपोर्ट पर 20 करोड़ की कोकीन के साथ महिला गिरफ्तार




**मुंबई.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तकरीबन 20 करोड़ रुपये की कोकीन पकड़ी गई है। यह कोकीन ड्रग्स लिक्विड फॉर्म में बरामद हुई है। मुंबई डीआरआई के मुताबिक, यह ड्रग्स पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की महिला नागरिक के पास से बरामद हुआ है।

आरोपी महिला केन्या की राजधानी नैरोबी से मुंबई आई थी। शुक्रवार को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक केन्याई महिला यात्री को 20 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि विदेशी महिला ने कथित तौर पर दो शैम्पू और लोशन की बोतलों में तरल रूप में कोकीन ड्रग्स को छिपाया था। डीआरआई अधिकारियों ने कहा कि यह तस्करी का नया तरीका है। बोतलों में भरी तरल कोकीन एकदम शैम्पू और लोशन की तरह लग रही थी, जिससे इसका पता लगाना काफी कठिन था। मुंबई डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि नैरोबी से आई विदेशी महिला यात्री को एक खुफिया इनपुट के आधार पर एयरपोर्ट पर रोका गया और तलाशी ली गई।

शैम्पू और लोशन की बोतलों में कुल 1,983 ग्राम चिपचिपा तरल बरामद किया गया। जांच में उस तरल पदार्थ के कोकीन होने की पुष्टि हुई है। इसका अनुमानित मूल्य 20 करोड़ रुपये है। अधिकारी ने बताया कि महिला को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। वह अभी न्यायिक हिरासत में है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# ईशा कोप्पीकर नहीं जा रही बिग बॉस 18 में

बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद अब दर्शकों को सलमान खान होस्टेड बिग बॉस 18 के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। फैंस एक बार फिर से सलमान को शो में देखने के लिए बेताब हैं। बिग बॉस 18 को लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। शो में शामिल होने के लिए अब तक कई नाम सामने आ रहे हैं। कई नाम को कंफर्म बताया जा रहा है तो कई नाम ऐसे हैं, जिन्होंने शो में आने से मना कर दिया। ऐसे में बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर का नाम भी शो में आने को लेकर चर्चा में बना हुआ है। सोशल मीडिया पर ईशा को बिग बॉस 18 के लिए कंफर्म कंटेस्टेंट बताया गया। इसी बीच अब ईशा ने खुद बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने को लेकर चुप्पी तोड़ी है।



### ईशा ने बताया सच

ईशा कोप्पिकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम और एक्स पर कई खबरों के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं। इन स्क्रीनशॉट को शेयर करने के साथ ही ईशा ने लिखा कि बिग बॉस 18 में जाने की बात फेक न्यूज है। ईशा के इस पोस्ट के बाद ये साफ हो गया है कि ईशा शो में हिस्सा नहीं लेने वाली हैं। इस खबर ने ईशा के फैंस का दिल तोड़ दिया है। अगर ईशा सलमान के शो का हिस्सा होतीं तो फैंस को उन्हें और भी करीब से जानने का मौका मिलता।




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099